# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Periodic Test-III (Round-IV) 2025 – 2026

**Class: 7** **MM: 20**
**Subject: HINDI** **Time: 1Hrs.**

---

**1.निम्नलिखित पद्यान्श पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-1X4=4**

लड़कियाँ खिलखिलाती हैं तेज़ धूप में
लड़कियाँ खिलखिलाती हैं तेज़ बारिश में
लड़कियाँ हँसती हैं हर मौसम में
लड़कियाँ पिता के बाद सँभालती हैं पिता के पिता से मिली दुकान
लड़कियाँ वारिस हैं पिता की
लड़कियों ने समेट लिया माँ को पिता के बाद
लड़कियाँ होती हैं माँ
दुकान पर बैठ लड़कियाँ सुनती हैं पूर्वजों की प्रतिध्वनियाँ
उदास गीतों में वे ढूँढ़ लेती हैं जीवन राग
धूप में,बारिश में,हर मौसम में खिलखिलाती हैं लड़कियाँ।

**(i) लड़कियाँ किसकी वारिस हैं?**

(अ) माता की (ब) पिता की

(स) दादी की (द) दादा की

**(ii) पिता के बाद लड़कियों ने किसे समेट लिया है?**

(अ) माँ को (ब) पिता को

(स) दादा को (द) दादी को

**(iii) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन(A)-लड़कियाँ हर मौसम में खिलखिलाती हैं।**

**कारण(R)-उदास गीतों में वे जीवन राग ढूँढ़ लेती हैं।**

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv) लड़कियां क्या सुनती हैं?**

**2.दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** 1X4=4

(i) वह सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़ रहा था। इस वाक्य में से संबंधबोधक छाँटकर लिखिए।

(ii) मुझे पुस्तकें पढ़ने का शौक है। नई-नई पुस्तकें पढ़ता रहता हूँ। इन दोनों वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों द्वारा जोड़कर पुन: वाक्य बनाइए।

(iii) मैं जल्दी चलूँगा अन्यथा ट्रेन छूट जाएगी। इस वाक्य में प्रयुक्त समुच्चयबोधक शब्द को लिखिए।

(iv) 'सावधान' शब्द का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

**3.काव्य पाठ के आधार पर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए-** 2X2=4

(i) 'बंसीवारे ललना','मोरे प्यारे','लाल जी',कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

(ii) ग्वाल-बाल हाथ में क्या लेकर दरवाजे पर खड़े हैं?

(iii) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगाने लगा?

**4.गद्य पाठ के आधार पर तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए-** 2X2=4

(i) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?।

(ii) कुब्ज़ा ने राधा के साथ क्या किया?

(iii) जालीघर में रहने वाले सभी जीव एक दूसरे के मित्र बन गए थे, पर कुब्ज़ा के साथ ऐसा संभव क्यों नहीं हो पाया?

**5.अपने नए घर में गृहप्रवेश पर आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।** 1X4=4

**अथवा**

**अपने नए मित्र के बारे में बताते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए।**